भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 945

05 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए

रक्षा संबंधी सरकारी क्षेत्र के उपक्रम

945. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतराव :

श्री सुधीर गुप्ता :

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में देश के सभी सोलह रक्षा संबंधी सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के कार्यकरण और प्रदर्शन की समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी समीक्षा के उद्देश्य/लक्ष्य क्या हैं;

(ग) क्या सरकार का इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के माध्यम से स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर विकसित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही इसके लिए नियत पूंजीगत परिव्यय कितना है; और

(ङ) क्या सरकार का डीपीएसयू के समग्र प्रदर्शन को सुदृढ़ करने के लिए इस समीक्षा के निष्कर्षों के आधार पर किसी कार्य योजना का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ङ): सरकार ने, नियमित समीक्षा के तहत, हाल ही में दिनांक 10.11.2025 को सभी सोलह रक्षा संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्यकरण और प्रदर्शन की समीक्षा की । इस बैठक का लक्ष्य और उद्देश्य डीपीएसयू के टर्नओवर, लाभ, स्वदेशीकरण के प्रयासों तथा निर्यात सहित अनुसंधान एवं विकास की योजना और रक्षा विनिर्माण में "आत्मनिर्भरता" प्राप्त करने के संदर्भ में उनके प्रदर्शन की समीक्षा करना था । सरकार का व्यापक "आत्मनिर्भर भारत" पहल के अंतर्गत विस्तृत अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के माध्यम से स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर विकसित करने का सुदृढ़ और स्पष्ट संकल्प है । आरएंडडी के उद्देश्यार्थ डीपीएसयू के पास कोई बजट परिव्यय नहीं है परन्तु, डीपीएसयू आवश्यकता और संभावित बाजार के अनुसार आरएंडडी गतिविधियों पर अपने अर्जन से खर्च करते हैं ।

******